# एयरपोर्ट पर उड़ान कैफे की होगी शुरुआत

- पुराना टर्मिनल भी होगा शुरू, केंद्रीय मंत्री का अप्रैल में दौरा संभावित



नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों की जल्द ही खानपान के सुविधा उपलब्ध होगी. एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए उड़ान कैफे शुरू किया जा रहा है. इसके साथ ही पुराने टर्मिनल से भी फ्लाईट का आवागमन भी शुरू हो जाएगा. उक्त दोनों सुविधाओं का शुभारंभ करने हेतु केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री की अप्रैल में इंदौर आने के संभावना है.**

शहर के सांसद शंकर लालवानी के प्रयास से इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों को जल्द ही नई सुविधाओं की सौगात मिलने जा रही है. वर्तमान टर्मिनल की क्षमता लगभग पूरी होने के बाद अब पुराने टर्मिनल का नवीनीकरण कर वहां से भी फ्लाइट्स ऑपरेट करने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है. सांसद लालवानी ने पुराने टर्मिनल के नवीनीकरण के लिए लगभग 50 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करवाई थी. पुराने टर्मिंडल भवन का कार्य पूरा हो चुका है. पुराने टर्मिनल से छोटे हवाई जहाजों की उड़ानें संचालित होंगी. वीआईपी मूवमेंट भी वहीं से किया जाएगा. इससे वर्तमान टर्मिनल पर यात्रियों को होने वाली असुविधा से निजात मिलेगी. इसके अलावा एयरपोर्ट पर 'उड़ान कैफे' का भी शुभारंभ किया जाएगा, जिससे यात्रियों को उचित दामों पर बेहतर खान-पान की सुविधा मिलेगी. एयरपोर्ट पर यात्री की बैठक व्यवस्था के लिए 200 नई सीटें भी लगाई गई हैं, ताकि यात्रियों को प्रतीक्षा के दौरान सुविधा मिल सके.

**उड्डयन मंत्री को दिया न्यौता**

सांसद लालवानी ने बताया कि दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर इंदौर आने का न्यौता दिया है. संभवत: मंत्री नायडू अप्रैल में इंदौर आएंगे.

# मौसम ने ली करवट, तेज हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

- दिन का तापमान 6 डिग्री गिरा



नव भारत न्यूज

**इंदौर. लगातार एक हफ्ते से गर्मी की आहट देता मौसम दो दिन की बारिश से बदल गया. मौसम ने करवट ली और आज दिन भर ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी. इसके साथ आज दिन का तापमान भी 6 डिग्री तक गिर गया. इससे जाती हुई ठंड ने वापस स्वेटर निकलवा दिए.**

पिछले एक हफ्ते से मौसम में गार्गी का अहसास होने लगा था. रात और दिन के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही थी. दिन का तापमान 31 डिग्री से उपर जा रहा था, वही रात का तापमान भी 16 डिग्री से उपर पहुंच गया था. गुरुवार और शुक्रवार को अचानक दक्षिण विक्षोम के कारण दो दिन बारिश हुई. बारिश के साथ मौसम में ठंडी हवाओं भी चल रही है. आज अलसुबह बारिश के बाद दिनभर सूरज बादलों के साथ लुकाछुपी करता रहा. दोपहर 4 बजे के बाद वापस आसमान में बादल छा गए. साथ ठंडी हवाओं की गति 19 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दर्ज के गई. साथ ही दिन का अधिकतम तापमान भी 24.5 दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री कम दर्ज हुआ. वही शाम को भी हवा में चुभन महसूस की गई. इस कारण आम जन स्वेटर और गर्म कपड़े पहने नजर आने लगे थे.

**तापमान 3 दिन रहेगा सामान्य से कम**

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले तीन दिन हवाओं के कारण तापमान सामान्य से कम ही रहेगा. एक बार बारिश हो सकती है. हवा में नमी के कारण ठिठुरन बनी रहने की संभावना है.

## एक नजर में

### रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर आज से वेद पारायण

इंदौर. श्री शुक्ल यजुर्वेदीय याज्ञवल्क्य संस्था इंदौर के तत्वावधान में फागुन शुक्ल पंचमी पर याज्ञवल्क्य जयंती के उपलक्ष्य में शुक्ल यजुर्वेद संहिता पारायण का आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक किया जाएगा. संस्था के अध्यक्ष पं. उपेन्द्र जोशी एवं सचिव पं. तुषार जोशी गुरुजी ने बताया कि अनुष्ठान में संभाजी नगर महाराष्ट्र के वेदमूर्ति पं. गौरव जोशी एवं वेदमूर्ति पं. पुष्पक शुक्ला वेद पारायण करेंगे. याज्ञवल्क्य जयंती पर संस्थान की ओर से वेदमूर्ति द्वय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है.



पं. गौरव जोशी पं. पुष्पक शुक्ला

### काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स के शोरूम का शुभारंभ



इंदौर. काइनेटिक इंजीनियरिंग लिमिटेड की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकाई काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड ने इंदौर में अपना पहला डीलरशिप लॉन्च करते हुए मध्यप्रदेश में आधिकारिक प्रवेश की घोषणा की. यह नया शोरूम संस्कार मोटर्स द्वारा संचालित किया जाएगा और स्कीम नंबर 54, में स्थित है. यहां काइनेटिक डीएक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज की बिक्री, सर्विस और ग्राहक सहायता सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी. काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स की डायरेक्टर अरजू अलामिन ने कहा मध्य प्रदेश हमारे लिए एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार है और इस यात्रा की शुरुआत के लिए इंदौर एक आदर्श शहर है. काइनेटिक ब्रांड हमेशा भारतीय परिवारों के करीब रहा है, और डीएक्स ईवी के माध्यम से हम उसी भरोसे को इलेक्ट्रिक युग में आगे बढ़ा रहे हैं. यह शोरूम केवल एक रिटेल आउटलेट नहीं है, बल्कि सेंट्रल इंडिया के लिए मजबूत सर्विस, आसान पहुंच और स्थानीय साझेदारियों के साथ एक दीर्घकालिक मोबिलिटी इकोसिस्टम बनाने की दिशा में कदम है. संदीप जैन, डीलर प्रिंसिपल, संस्कार मोटर्स, ने कहा हम काइनेटिक वॉट्स एंड वोल्ट्स के मप्र में पदार्पण का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहे हैं.

### क्लीन मैक्स एनवीरो एनर्जी का आईपीओ 23 को खुलेगा

इंदौर. क्लीन मैक्स एनवीरो एनर्जी सोलूशन्स लिमिटेड (क्लीनमैक्स), ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए प्रति इक्विटी शेयर (फेस वैल्यू 1 रुपए) का प्राइस बैंड 1,000 से 1,053 रुपए तय किया है. कंपनी का यह आईपीओ 23 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 25 फरवरी को बंद होगा. निवेशक न्यूनतम 14 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 14 शेयरों के गुणकों में आवेदन कर सकेंगे. यह आईपीओ 1,200 करोड़ रुपए तक के फ्रेश इश्यू और 1,900 करोड़ तक के ऑफर-फॉर-सेल का संयोजन है. ऑफर फॉर सेल के तहत प्रमोटर कुलदीप जैन, बीजीटीएफ वन होल्डिंग्स (डीआईएफसी) लिमिटेड और केईएमपीआईएनसी एलएलपी अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे. इसके अलावा, ऑग्मेंट इंडिया- होल्डिंग्स, एलएलसी और डीएसडीजी होल्डिंग एपीएस भी अपनी हिस्सेदारी का हिस्सा बेचेंगे. फ्रेश इश्यू से प्राप्त राशि में से 1,122.6 करोड़ का उपयोग कंपनी और/या उसकी सहायक कंपनियों के कुछ या सभी बकाया ऋणों के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/प्री-पेमेंट के लिए किया जाएगा.

### राजा हिंदुस्तानी में किंग ने संगीत परंपरा को नए रूप में प्रस्तुत किया

इंदौर. पॉप आइकन किंग ने अपना अब तक का सबसे बड़ा एल्बम राजा हिंदुस्तानी प्रस्तुत किया है. आधुनिक पॉप शैली के माध्यम से भारत की समृद्ध संगीत परंपरा का भव्य उत्सव इस परियोजना में देखने को मिलता है. इस एल्बम में किंग ने सुरमयी कथन शैली अपनाते हुए भारतीय संगीत जगत की प्रभावशाली आवाज़ों- श्रेया घोषाल, सुनिधि चौहान, शान, कुमार सानू और रेखा भारद्वाज- के साथ सहयोग किया है. वॉर्नर म्यूज़िक इंडिया द्वारा जारी यह एल्बम भारतीय संस्कृति में इन दिग्गजों द्वारा रची गई कालातीत जादूगरी का सम्मान करता है और उस भावनात्मक ध्वनि संसार को नई पीढ़ी के लिए पुनः साकार करता है. इस परियोजना के बारे में किंग कहते हैं- राजा हिंदुस्तानी उस संगीत को सम्मान देने का मेरा तरीका है जिसने मुझे गढ़ा है, और अपनी आवाज़ व संगीत को नई दिशा देने का प्रयास भी है. जिन दिग्गजों को सुनते हुए मैं बड़ा हुआ, उनके साथ काम करना अपने आप में अविश्वसनीय है. उनकी आवाज़ों ने मुझे सुर, भाव और कहानी कहने की कला समझना सिखाया. इसका उद्देश्य यह दिखाना है कि भारतीय पॉप संगीत परंपरा से जुड़ा होते हुए भी वैश्विक, आधुनिक और निडर हो सकता है. मेरे लिए राजा हिंदुस्तानी कृतज्ञता और आत्म-अभिव्यक्ति दोनों है.

### आउटस्टैंडिंग कैम्ब्रिज लर्नर अवार्ड्स में मप्र का बेहतर प्रदर्शन

इंदौर. कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड असेसमेंट (कैम्ब्रिज) के इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने मध्य प्रदेश में आउटस्टैंडिंग कैम्ब्रिज लर्नर अवार्ड्स के विजेताओं की घोषणा कर दी है. ये अवार्ड्स नवंबर 2024, मार्च और जून 2025 की कैम्ब्रिज परीक्षा सीरीज़ में सेकंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स की शैक्षणिक सफलताओं को सम्मानित करते हैं. मध्य प्रदेश में, 3 स्टूडेंट्स को कैम्ब्रिज आई.जी.सी.एस.ई, इंटरनेशनल ए.एस. एंड ए लेवल एग्जाम में शानदार परफॉर्मेंस के लिए अवॉर्ड मिलेंगे. विनय शर्मा, रीजनल डायरेक्टर, कैंब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन, साउथ एशिया ने कहा हम अपना पूरा ध्यान कैंब्रिज के स्टूडेंट्स पर केंद्रित रखते हैं. हमें भारत के इन स्टूडेंट्स की उपलब्धियों पर गर्व है, जिनकी सफलता बेहतरीन शैक्षणिक क्षमता, प्रतिबद्धता और लगन प्रदर्शित करती है. ये अवॉर्ड विश्व में सबसे बेहतर प्रदर्शन को सम्मानित करते हैं. ये ना केवल इन स्टूडेंट्स को बल्कि पैरेंट्स और टीचर्स के महत्वपूर्ण सपोर्ट को भी गौरवान्वित करते हैं.

### डार्क मुंबई नॉयर केनेडी अब हिंदी जी5 पर उपलब्ध!

इंदौर. भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ज़ी5 ने बहुप्रतीक्षित नोयर थ्रिलर फिल्म केनेडी का प्रीमियर कर दिया है. इस फिल्म को प्रसिद्ध फिल्मकार अनुराग कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है. अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहना और दर्शकों का प्यार बटोरने के बाद अब केनेडी हिंदी ज़ी5 पर विशेष रूप से स्ट्रीम हो रही है, जिससे भारतीय दर्शक आखिरकार इसकी गहरी, रहस्यमयी और सघन दुनिया का अनुभव कर सकेंगे. केनेडी एक दमदार मुंबई नॉयर फ़िल्म है जो केनेडी उदय शेट्टी (राहुल भट्ट) की कहानी बताती है, वह एक पूर्व पुलिसवाला है, जो अब कॉन्ट्रैक्ट किलर बन चुका है. अनुराग कश्यप ने कहा केनेडी मेरी बनाई हुई सबसे निजी फिल्मों में से एक है. इस फिल्म का सफ़र काफ़ी लंबा रहा है, लेकिन फिल्म समारोहों में मिली लगभग हर प्रतिक्रिया ने यह साबित किया कि हमने इस फिल्म को जिस तरह बनाया, वह फैसला सही था.

# महापौर जनता चौपाल में वार्ड के विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

- रहवासियों की समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई की जाए



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज महापौर जनता चौपाल में रहवासियों ने वार्ड में सड़क निर्माण, बेकलाइन, कुत्तों की समस्या बताई. महापौर ने रहवासियों की समस्याओं का तुरंत निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए. इस दौरान महापौर ने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज वार्ड 57 में जनता चौपाल लगाई. उन्होंने पहले वार्ड में विकास कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने जेल रोड, लोधी मोहल्ला, नारायण बाग, पंतवेद नगर और रामबाग का निरीक्षण किया. चौपाल के दौरान नागरिकों ने ध्वनि प्रदूषण, मस्जिदों से तेज आवाज़, संकरी बेकलाइन के बार-बार चोक होने, चूहों की समस्या और स्ट्रीट डॉग्स की बढ़ती संख्या जैसी समस्याएं बताई. महापौर ने ध्वनि प्रदूषण मामलों पर कलेक्टर से चर्चा हो चुकी है और जल्द कार्रवाई होगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संकरी बेकलाइन और चौक की समस्याओं के लिए सभी छोटी गलियों का सर्वे किया जाए. चोक लाइनों की तत्काल सफाई और ब्रिज में बन रहे गैप को जल्दी ठीक करने के लिए कहा है. साथ ही मेट्रो निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने के आदेश दिए.

**महत्वपूर्ण जरूरतों पर दीर्घकालिक काम**

उन्होंने रहवासियों को बताया भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पानी जैसी महत्वपूर्ण जरूरतों पर दीर्घकालिक काम शुरू किया गया है. अभी असुविधाएँ होंगी, लेकिन पूर्ण होने पर इसका लाभ वर्षों तक मिलेगा. निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद सुरेश टाकलकर, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा, भाजपा उपाध्यक्ष भरत पारख, महापौर प्रतिनिधि भावेश दवे, ज़ोनल अधिकारी और बड़ी संख्या में वार्ड के रहवासी उपस्थित थे.

# सानंद में सस्पेंस थ्रिलर नाटक सविता दामोदर परांजपे का मंचन आज

इंदौर. सानंद न्यास के पांच दर्शक समूह के लिए सस्पेंस थ्रिलर नाटक सविता दामोदर परांजपे का मंचन आज से स्थानीय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह खंडवा रोड इंदौर में होगा.

सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि मराठी रंगभूमी ने सामाजिक, संगीत और हास्य नाटकों के साथ-साथ सस्पेंसङ्कथ्रिलर शैली में भी अपनी खास पहचान बनाई है. इस विधा के नाटक दर्शकों को अंत तक बांधे रखते हैं. दिग्दर्शक राजन तम्हाणे ने नाटक सविता दामोदर परांजपे में मानसिक संघर्ष, भय, भ्रम और द्वंद्व को बारीकी से प्रस्तुत किया है. यह मराठी रंगभूमि का एक माईल स्टोन, लोकप्रिय और प्रभावशाली नाटक है, जो अपने मनोवैज्ञानिक कथानक और सशक्त महिला पात्र के लिए जाना जाता है.



सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे और सचिव संजय वावीकर ने बताया कि नाटक सविता दामोदर परांजपे का मंचन 21 फरवरी को रामु भैय्या दाते समूह के लिये अपराह्न 4 बजे, सायं. 7.30 बजे राहुल बारपुते समूह के लिये, इसी प्रकार 21 फरवरी को मामा मुजुमदार के लिये प्रात: 10 बजे, वसंत समूह के लिये अपराह्न 4 बजे एवं सायं 7.30 बजे बहार समूह के लिये होगा.

# 16 सौ किलो अमानक स्तर की मिठाई, गुलाब जामुन जब्त



- खाद्य विभाग ने किया कारखाना सील

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज शहर में खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 सौ किलो अमानक स्तर का गुलाब जामुन जब्त किया. उक्त मिठाई होली त्यौहार पर शहर में खपाने की तैयारी थी. इसके साथ ही खाद्य विभाग ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में भी कार्रवाई कर जांच के लिए खाद्य प्रदार्थों के सेंपल लिए.

जिला प्रशासन द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. इस तारतम्य में खाद्य विभाग ने आज पालदा इलाके में सदगुरु फूड प्रॉडक्ट के कारखाने पर छापामार कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान मौके पर 8 सौ और 1.5 किलो वजन पैक में अमानक स्तर और गंदगी के बीच रखी 16 सौ किलो मिठाई गुलाब जामुन जब्त किए. मिठाई बनाने वाले सद्गुरु फूड के पास खड़ी प्रदार्थ बनाने का लाइसेंस भी नहीं मिला. मौके पर गंदगी पसरी हुई पाई गई, जिससे मानव स्वास्थ को नुकसान होना नजर आ रहा था. खाद्य विभाग ने उक्त संस्थान के कारखाने को सील कर दिया. गुलाब जामुन के सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भेजने के कारवाई की है.

**पनीर, आटे के लिए सैंपल**

इसके अलावा खाद्य विभाग ने रणजीत हनुमान रोड पर राजकमल भोजनालय से पनीर और आटे और पिपलिया राव में जय नमकीन से नमकीन का एक सेंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है. सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा कानून के तहत आगे कार्रवाई की जाएगी.

# दुकानों पर डस्टबिन आवश्यक रूप से रखें

- सार्वजनिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र का आयुक्त द्वारा निरीक्षण
- नो रेड स्पॉट अभियान में कार्रवाई करने के निर्देश



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने आज शहर के सार्वजनिक और व्यवसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने सभी दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखवाने के अधिकारियों को आदेश दिए. साथ नो रेड स्पॉट अभियान के तहत चलानी कार्रवाई के निर्देश दिए.**

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज झोन 11 में शहर के व्यस्त इलाके छावनी, सरवटे बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन में सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन एवं रेड स्पॉट अभियान के तहत विशेष निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान आयुक्त सिंघल ने छावनी एवं सरवटे क्षेत्र सहित प्रमुख व्यावसायिक बाजारों में साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया. उन्होंने कहा कि बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है, इसलिए उक्त स्थानों पर स्वच्छता का सख्ती से पालन किया जाए. आयुक्त ने रेड स्पॉट अभियान के तहत व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट एवं विशेष रूप से पान की दुकानों पर डस्टबिन के साथ अनिवार्य रूप से पीकदान रखने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने हेतु प्रत्येक पान दुकान पर पिकदान की व्यवस्था करवाई जाए.

**कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाई करें**

आयुक्त सिंघल ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सीएसआई को निर्देश दिए कि शहर के सभी बाजारों में दुकानों पर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने का पालन करवाएं. इसके लिए एनजीओ प्रतिनिधियों की नियुक्ति कर निरंतर मॉनीटरिंग की जाए. साथ ही कचरा फैलाने वाले अथवा डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करें. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त प्रखर सिंह, सभी स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई और स्वास्थ विभाग के कर्मचारी मौजूद थे.

# इंदौरवासियों का प्यार देखकर दिल खुश हो जाता है : अजय

- ज्वेलरी शो रूम का शुभारंभ करने आए अभिनेता अजय देगवन



**इंदौर.** मुझे इंदौर आकर बहुत अच्छा लग रहा है. मैं पहले भी बहुत इंदौर आ चुका हूं. हर आप लोगों का प्यार देखकर दिल खुश हो जाता है. इसलिए मेरी कोशिश रहती है जब भी मौका मिले इंदौर आता रहूं. इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है. आगे भी आता रहूंगा. इंदौरवासियों को बहुत-बहुते प्यार और शुक्रिया

यह कहना है अभिनेता अजय देवगन का. वे शुक्रवार को शहर में थे. उन्होंने यहां विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सपना संगीत रोड स्थित कल्याण ज्वलेर्स के शो रूम का शुभारंभ किया. इस दौरान उन्होंने प्रशंसकों का अभिवादन भी स्वीकार किया. प्रशंसको ने उनकी तस्वीर को कैमरे में कैद दिया. अजय देवगन ने कहा इस महत्वपूर्ण इवैंट में शामिल होना मेरे लिए वाकई सम्मान की बात है. मैं कल्याण ज्वेलर्स से लंबे समय से जुड़ा हूं. एक ऐसा ब्रांड है, जो विश्वास और पारदर्शिता के स्तंभों पर कायम है. कल्याण ज्वलेस का मतलब भरोसा है. मुझे विश्वास है कि इंदौर के ग्राहक इस अनोखे वन-स्टॉप शॉपिंग अनुभव को सराहेंगे. एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि तमाम कीमती धातुओं में गोल्ड की अलग ही महत्ता है. कल्याण ज्वेलर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा इंदौर में हमारा विस्तार इस शहर में विरासत कारीगरी और आधुनिक लाइफस्टाइल ज्वेलरी दोनों की बढ़ती मांग का प्रमाण है.

## एक नजर में

**शोभायात्रा से पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया, आज भव्य फाग उत्सव का आयोजन**

# गूंजे भजन, थिरके युवा, भगवान की श्रद्धालुओं ने की अगवानी

**इंदौर. भजनों की सुमधुर धुनों पर थिरकते युवा, भव्य सुसज्जित रथ में विराजित भगवान की उत्सव प्रतिमाएं, विशिष्ट वेशभूषा में हाथों से रथ खींचते युवाओं का समूह, बग्घी में विराजित संत प्रवर झालरिया पीठाधीश्वर स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज, स्थान - स्थान पर विभिन्न मंचों से हुई प्रभु की अगवानी, स्वामीजी से लोगों ने आशीर्वाद लिया.**





यह दृश्य था आज तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान गुमाश्ता नगर के 29 वें वार्षिकोत्सव के दिन निकली विशाल और भव्य शोभायात्रा का. शाम 7 बजे मंदिर परिसर में स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने एक भव्य श्रृंगारित बग्घी पर विराजित भगवान की उत्सव प्रतिमाओं का पूजन किया. इसके बाद शोभायात्रा की शुरूआत हुई. शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, शहनाई वादक भी शामिल थे. बैंड की धुन पर भजनों को स्वर लहरियां गूँज रही थी. भजन गायक आयुष मारवल भजनों के साथ-साथ देशभक्ति से भरे गीत भी गा रहे थे जिस पर युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था. संयोजक प्रह्लाद सेठ, हेमंत सोमानी व सुरेश परवाल ने बताया कि महिलाओं की भजन मंडली भी हजारों महिलाओं के समूह के साथ भजन गाते हुए चल रही थी. झालरिया पीठाधीश्वर स्वामी घनश्यामाचार्य स्वयं एक सुसज्जित बग्घी में विराजित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे. इस अवसर पर राधाकिशन मुछाल, विजय बाबू बांगड़, गोविंद माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. शोभायात्रा के अंत में एक सुसज्जित रथ में भगवान की उत्सव प्रतिमाएं विशेष श्रृंगार कर विराजित थी। स्थान - स्थान पर भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरण किया गया. शोभायात्रा में बालाजी मित्र मंडल एवं तिरूपति बालाजी मित्र मंडल की महिला कार्यकर्त्ता भजन गाते हुए चल रही थी. भगवान के रथ को श्रीधर धाम सेवा समिति के युवा वृंद अपने हाथों से खींच रहे थे. रथ यात्रा मंदिर परिसर से, रणजीत हनुमान मेन रोड, पुन: गुमाश्ता नगर स्कीम नंबर 71, वैष्णव कॉलेज, नाकोड़ा चौराहा, अरिहंत हॉस्पिटल होते हुए पुन: देवस्थान परिसर पर पहुंची. यहाँ पर भगवान की आरती संपन्न हुई.

**आज भक्तगण खेलेंगे भगवान के साथ फूलों की होली**

देवस्थान के रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि 29 वें वार्षिकोत्सव के तहत 21 फरवरीर मार्च को देवस्थान परिसर में फाग उत्सव मनाया जाएगा. भजन गायक हरिकिशन साबू भोंपूजी अपने फाग गीतों की अनूठी रसगंगा बहायेंगे. श्रद्धालुगण भगवान के साथ फूलों की होली खेलेंगे. फाग उत्सव का यह आयोजन रात्रि 8 बजे प्रारम्भ होगा एवं देर रात तक जारी रहेगा.